>

Title: Need to improve the functioning of BSNL's mobile (Network) services in the Northern region.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : अगर आप लोग थोड़ा कोआपरेट करें तो हम सबको मौका देना चाहते हैं।

श्री शैलेन्द्र कुमार : मैं सबसे महत्वपूर्ण दूर-संचार के क्षेत्र में बीएसएनएल मोबाइल फोन की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। उत्तर भारत में खासकर उत्तर प्रदेश में बीएसएनएल का नेट्वर्क इतना गड़बड़ा रहा है कि टेलीफोन मिलाना मुश्किल हो जाता है। कभी-कभी दिन भर नेट्वर्क गड़बड़ होने से कहीं कोई बात नहीं हो पाती। अगर थोड़ा-बहुत भी नेट्वर्क आता है तो गलत फोन नम्बर मिल जाते हैं जिससे टेलीफोन गलत कनेक्ट हो जाता है। इससे लोगों की गोपनीयता खासकर सरकारी महकमा, व्यक्तिगत व्यवसाय में काफी व्यवधान उत्पन्न हो रहा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से, खासकर दूर-संचार मंत्री जी से मांग करता हूं कि बीएसएनएल मोबाइल फोन की नेट्वर्क की उत्तर प्रदेश में जो खराब स्थिति है, उसे सुदृढ़ किया जाये और जिन-जिन क्षेत्रों में नेट्वर्क नहीं पकड़ रहा, वहां एक्सट्रा नेट्वर्क टॉवर लगाकर दूर-संचार और सेल वन बीएसएनएल का नेट्वर्क दुरुस्त किया जाये।

रोजमर्रा के जीवन में लोगों को आपस में एक दूसरे से बात करने के लिए यह एक आवश्यक अंग बन गया है। कम्युनिकेशन अपने आप में, निजी जीवन में काफी महत्व रखता है। मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि सरकार इस ओर ध्यान दे तथा बीएसएनएल के नेट्वर्क को सुदृढ़ करे। इसके साथ-साथ जहां नेट्वर्क नहीं आ रहा है वहां एक्स्ट्रा टावर लगाकर उसकी व्यवस्था सुनिश्चित करे।